Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to provide ration to aided Aashrams in Maharashtra.

श्री मधुकरराव यशवंतराव कुकडे (भंडारा-गोंदिया): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र में वी.जे.एन.टी. स्कूल्स हैं। पिछले चार माह से केन्द्र सरकार द्वारा आदेश न देने से उन्हें गवर्नमेंट दुकान से चावल देना बंद हुआ। वी.जे.एन.टी. की स्कूल्स में लड़के और लडकियां रहती हैं और वे पढ़ाई भी करते हैं। ढीमर समाज, धनगर समाज, एससी समाज, चमार समाज, माग, वहां बहुत ही गरीब समाज के बच्चे रहते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा उन स्कूलों को अनाज की पूर्ति करने के आदेश न देने के कारण गोंदिया जिले में पिछले चार माह से, उन्हें गवर्नमेंट हेड से चावल और गेहूं नहीं मिल रहा है। यह न मिलने से उन स्कूलों के बच्चों को अनाज का भुगतान नहीं मिलेगा। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि गोंदिया जिला में जितने भी वी.जे.एन.टी. के स्कूल्स हैं और महाराष्ट्र में जितने भी वी.जे.एन.टी. के स्कूल्स हैं, उन सभी स्कूलों को चावल और गेहूं मुहैया कराने का आदेश प्रदान करें।

केन्द्र सरकार की इस नीति के कारण जो दलित समाज है, उनके बच्चे नहीं पढ़ सकेंगे। अगर वी.जे.एन.टी. के स्कूलों को सरकार ने अनाज नहीं पहुंचाया तो ये स्कूल्स बंद करने के लिए शासन का निर्णय है, ऐसा मानना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शिक्षा से वंचित न हों, इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि आप सरकार को आदेश दें कि वी.जे.एन.टी. स्कूल्स को चावल और गेहूं पहुंचाया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shrimati Supriya Sule is permitted to associate with the issue raised by Shri Madhukarrao Yashwantrao Kukade.